PMYV

## मेष



01 से 06 जनवरी तक-वर्ष और माह का प्रारम्भ शुभ है। कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। लम्बे समय से **बाधित कार्य** पूर्ण होंगे। ज्यादा सफलता प्राप्त करने की अपेक्षा अत्यधिक हानि का कारण बनेगी। निराशा का भाव उत्पन्न होगा। काम-काजी महिलाओं को शारीरिक पीड़ा उठानी पड़ेगी। वाद-विवाद से बचने का प्रयास करे। नवनिधि गणपति साधना दीक्षा ग्रहण करें। न्यौ. ₹ 800

07 से 13 जनवरी तक-इस सप्ताह आप कलात्मक व रचनात्मक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त कर पायेंगे। संतान पक्ष से सुखद समाचार प्राप्त होगा। यात्राओं का दौर जारी रहेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के प्रयास अनेक बाधाओं के बाद भी सार्थक होगा। लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

14 से 20 जनवरी तक-विद्यार्थी वर्ग अपना समय अध्ययन अथवा रचनात्मक कार्य में लगाकर श्रेष्ठ सफलता प्राप्त करने में सफल होंगे। आपका झुकाव अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। इसी दौरान आपको कहीं से अशुभ समाचार प्राप्त हो सकते है। स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। सुख-संसाधनों में कमी आ सकती है। गायत्री मंत्र का 03 माला जप कर, अनुकूलता मिलेगी।

21 से 31 जनवरी तक-सरकारी कार्य पूर्ण होंगे, अनेक कार्यों में सफलता मिल सकती हैं। आपके द्वारा किये गये कार्यो के बेहतर परिणाम आ सकते है। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। आप आनन्द पूर्वक भौतिक सुख भोग सकेंगें। विद्यार्थी वर्ग को इस समय कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। इस हेतु आप अपने बच्चो को ज्ञान शक्ति सरस्वती साधना करायें।

न्यौछावर ₹ 580

शुभ तिथियाँ 8,12,15,23

## वृषभ



01 से 06 जनवरी तक- 01 जनवरी विजय सूचक है, वर्ष का आरम्भ बहुत अच्छा कहा जा सकता है। आपके द्वारा किये गये कार्यो में सफलता मिल सकती है। आप अपने कार्य में निपुणता प्राप्त कर पायेंगे। प्रेम, सगाई अथवा विवाह की संभावना है। आपके इस सप्ताह धन सम्बन्धित कार्यो में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। भगवती दिगम्बरी दक्षिण काली साधना ग्रहण करें जिससे आपकी **समस्या का निवारण** होगा।

न्यौछावर ₹ 880

07 से 13 जनवरी तक- यह सप्ताह आपके लिये **निराशाजनक** हो सकता है, किसी कार्य की अपूर्णता आपको व्यथित करेगी। आपके स्वभाव में विनम्रता आयेगी, मानवीय कार्यो को पूर्ण कर प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

14 से 20 जनवरी तक-इस सप्ताह धन संग्रह व उपार्जन में **बाधा** का सामना करना पड़ेगा। निकटतम सम्बन्धों में **खटास** आयेगी। विद्यार्थियों के लिये समय अच्छा है, सही दिशा में उपयोग करें। पति-पत्नी में मन मुटाव हो सकता है, जिसके कारण उनका सम्बन्ध विच्छेद हो सकता है, सावधानी बरते।

21 से 31 जनवरी तक- सर्दी, जुकाम, जोड़ो में दर्द, दांत से सम्बधित बीमारी की आशंका है। समय रहते इलाज करायें अन्यथा समस्या गंभीर रूप ले लेगी। आर्थिक रूप से भी अच्छा संकेत नहीं है। अपने अन्दर आप साहस की कमी महसूस करेंगे। कोई नयी वस्तु ना खरीदें, धोखा हो सकता है। आर्थिक व सामाजिक रूप से स्वयं को सुदृढ़ व मजबूत कर सकेंगे।

शुभ तिथियाँ 1,5,8,24

## मिथुन



01 से 06 जनवरी तक-वर्ष का प्रारम्भ आपके लिये कुछ अशांति पूर्ण रहेगा। आप किसी गलतफहमी के शिकार होंगे। जिससे आपको हानि उठानी पड़ सकती है। आप इस समय कोई जोखिम भरा कदम उठा सकते है। भौतिक रूप से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे पर मुनाफा कमाने में सफलता संदिग्ध है। ऊं गं गणपतये विघ्न विनाशय नमः मंत्र का 02 माला जप करें।

07 से 13 जनवरी तक- इस सप्ताह आपका बनता काम रूक सकता है। व्यवसाय में ढ़िलाई **हानिप्रद** हो सकती है। आप अपने अन्दर की क्षमता, शक्ति को पहचाने व अपने कार्यो को पूर्ण करने का प्रयास करें। समय मिश्रित है, शुभ-अशुभ फल प्राप्त होंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

14 से 20 जनवरी तक-यह सप्ताह धन प्रदायक हो सकता है। प्रतिस्पर्द्धी व प्रतियोगिता में आप सभी को कड़ी चुनौती देंगे। आपके साथ अपने ही विश्वासघात करेंगे, इसलिये सावधान रहे। समय विपरीत है, किसी अप्रिय घटना की स्थिति स्पष्ट हो रही है। वाहन सावधानी पूर्वक चलायें। शत्रु पक्ष अवसर का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। भगवती दिगम्बरी दक्षिण काली साधना ग्रहण करें। अनुकूल स्थितियां बनेंगी व जीवन की रक्षा होगी। न्यौछावर ₹ 880

21 से 31 जनवरी तक- इस सप्ताह खरीद-फरोख्त सम्बन्धी मामलों में बड़ी डील हो सकती है। किसी मित्र से शुभ समाचार प्राप्त होगा। घरेलू कार्यो में अति व्यस्तता रहेगी। रोजमर्रा के कार्य बाधित हो सकते है, जिससे आप परेशान रहेंगे। लेन-देन में सावधानी बरते।

शुभ तिथियाँ 3,7,9,11



## कर्क

**01 से 06 जनवरी तक**-इस वर्ष का प्रारम्भ आपके लिये सामान्य रहेगा। इस सप्ताह आपको शारीरिक कष्टों का सामना भी करना पड़ सकता है। आप पर कोई गंभीर आरोप भी लग सकता है। आपके साथ कोई गंभीर घटना हो सकती है। इस सप्ताह आपका बाहरी यात्रा का योग बन सकता है। किसी भी विपरीत परिस्थितियों से बचने के लिये योग-भोग प्रदायिनी नयना शाकम्भरी शक्ति दीक्षा ग्रहण करें। न्यौ. ₹ 2600

**07 से 13 जनवरी तक**- इस सप्ताह मानसिक तनाव समाप्त होंगे। भागीदारी में लाभ होगा, व्यापारिक निर्णय सोच-समझकर लें। निकट सम्बन्धियों का सहयोग मिलेगा। मन में तरह तरह के विचार आयेंगे। चिंतायें व्याप्त रहेगी। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये समय अच्छा नहीं है। दाम्पत्य जीवन में अशांति रहेगी।

**14 से 20 जनवरी तक**- इस सप्ताह आप सामाजिक व अपने कैरियर के प्रति गंभीर रहेंगे। इस सप्ताह आप काफी ऊर्जावान अनुभव करेंगे। समय का सही उपयोग करें। इस सप्ताह आपके साथ कोई अपना ही विश्वासघात कर सकता है। इसलिये सावधान रहें।

**21 से 31 जनवरी तक**-इस सप्ताह आप ज्ञान सृजन के लिये अनेक पुस्तकों का अध्ययन करेंगे। इस सप्ताह उत्तम कार्य सम्पन्न कर लाभ प्राप्त कर पायेंगे। आप नौकरी में बॉस की नजरों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने में सफल होंगे। व्यापारिक स्थिति डावाडोल रहेगी। पिता-पुत्र के सम्बन्धों में तनाव आ सकता है। आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखे।

शुभ तिथियाँ 2,7,10,18



## सिंह

**01 से 06 जनवरी तक**- यह वर्ष आपके लिये उत्साहवर्द्धक है। आपकी योग्यता व प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी। व्यवसाय में कोई खास सफलता इस वर्ष दिखलाई नहीं पड़ रही है। आप अपने ही लोगो से किसी अनजान मुसीबत में फंस सकते है। इसलिये सावचेत रहे। थकावट व चिंतायें बनी रहेगी। आत्मबल में कमी महसूस करेंगे। आप स्वार्थ से हटकर कोई भी कार्य करेंगे, तो उसमें अच्छी सफलता मिलेगी।

**07 से 13 जनवरी तक**- वित्तीय मामलों को लेकर आपको पहले से अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। इंटरव्यू के लिये बुलावा आ सकता है। शत्रु हावी होने का प्रयास करेंगे। धन हानि की संभावना है। आप अपनी समस्याओं के निवारण हेतु दस महाविद्या चेतनामय राज राजेश्वरी दीक्षा ग्रहण करें। न्यौ. ₹ 2600

**14 से 20 जनवरी तक**-काम की व्यवस्तता बनी रहेगी। जिसके कारण आप परिवार और व्यापार के बीच सामंजस्य बनाने में असफल रहेंगे 17 से 19 तक का समय ज्वैलर्स, बैंककर्मी के लिये शुभ है। गलत निर्णय आपके लिये गम्भीर समस्या बन सकता है। स्थितियां विपरीत बनेगी। सावधान रहें।

**21 से 31 जनवरी तक**- यह सप्ताह आपके लिये कुछ कलह, वाद-विवाद व लड़ाई-झगड़ा हो सकता है। वाणी व क्रोध को संयमित रखे। कोर्ट सम्बन्धित कार्यो में आपके विरूद्ध निर्णय आ सकता है। आत्म मंथन व आत्म विश्लेषण का समय है। भगवती दिगम्बरी दक्षिण काली साधना ग्रहण करें। जिससे आपके शत्रु पक्ष निस्तेज होंगे और आप सुरक्षित व सबल बन सकेंगे। न्यौ. ₹ 880

शुभ तिथियाँ 8,13,17,22



## कन्या

**01 से 06 जनवरी तक**- इस वर्ष का प्रारम्भ आपके लिये शुभ संकेत लेकर आ रहा है। 1 को संतान पक्ष में कोई शुभ संदेश प्राप्त होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न होगा। 4 को व्यापार में पकड़ थोड़ी ढ़ीली होगी। व्यापार व कारोबार में विस्तार का प्रयास सफल हो सकता है। कार्यो में सफलता तो मिलेगी लेकिन अधिक परिश्रम के कारण स्वास्थ्य में आपकी पकड़ ढ़ीली होगी। थोड़ी बाधायें भी आयेंगी।

**07 से 13 जनवरी तक**- इस सप्ताह आप किसी दूसरों के झगड़ों में न पड़े, अन्यथा आपके लिये ही मुसीबत बन जायेगी। इस समय व्यापार में निवेश का निर्णय गलत सिद्ध होगा। इस सप्ताह कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना है। दुर्घटना आदि हो सकती है। धन हानि की भी संभावना दिख रही है। अपनी बाधाओं के निवारण हेतु दस महाविद्या चेतनामय राज राजेश्वरी दीक्षा ग्रहण करें। न्यौ. ₹ 2600

**14 से 20 जनवरी तक**- कठोर मेहनत का फल प्राप्त होगा। नौकरी में लापरवाही ना करें। बुजुर्गो की सलाह व मदद आपको विपरीत परिस्थितियों से निकालने में मदद करेगी। काम-काज का दबाव बना रहेगा। परिस्थितियां बहुत ही अनूकूल नहीं हैं। नकारात्मक प्रभाव बना रहेगा।

**21 से 31 जनवरी तक**-इस सप्ताह आपके हाथ में आता हुआ धन अटक सकता है। जिसका आपको काफी समय से इंतजार था। आपके अपने लोग सामने सहयोग और पीछे से विश्वासघात करेंगे। कार्य क्षेत्र में वातावरण व स्थितियां दोनों ही विरोध निर्मित करेंगी।

शुभ तिथियाँ 4,7,13,21

## तुला



**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष का प्रारम्भ **परिवार** और **दोस्तों** के **आनन्द** के साथ व्यतीत होगा। आप किसी मसले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे। यात्रा में कष्ट की अनुभूति होगी। देरी के कारण बस, ट्रेन या प्लेन छूट सकती है। धन के मामलें में संतुलन बना रहेगा।

**07 से 13 जनवरी तक-**इस सप्ताह आप किसी कार्य में **व्यस्त** रहेंगे। फाईनेंस के मामले में अपने हित देखकर गुप्त बातचीत हो सकती है। तमाम **सामाजिक** व **पारिवारिक कार्यो, उत्सव** यहां तक कि **राजनीतिक जुड़ाव** का समय है। कुछ **गुप्त बैठके** और **क्रिया कलाप** की संभावनायें है। थोड़ी **निराशा दायक** दिवस है।

**14 से 20 जनवरी तक-**इस समय आप काफी **कल्पनाशील** हो सकते है। **विद्यार्थी वर्ग अर्नगल क्रिया-कलापों,** भ्रमण आदि से बचें, समय अनुकूल नहीं है, आपको किसी एक मामलें में फंसाया जा सकता है। आप पर बुरी संगत का तुरंत असर होगा। अपने संतान को **ज्ञान शक्ति सरस्वती साधना ग्रहण** करायें, **बुरी संगत** से **सुरक्षा** होगी और **अध्ययन** की ओर वृति **एकाग्र** रहेगी। **न्यौ. ₹ 580**

**21 से 31 जनवरी तक-**किसी **वैवाहिक कार्यक्रम** का हिस्सा बनेंगे। **भाग्योदय** के **श्रेष्ठ अवसर** प्राप्त होंगे। आपके **व्यापार** में **उदारता** के कारण लोग आपसे जुड़ेगे। आपको **पेट से संबंधित बीमारी** आ सकती है। **महिलाओं का स्वास्थ्य न्यूनतम** स्तर पर होगा। शीघ्र ही किसी **श्रेष्ठ चिकित्सक** को दिखाकर परामर्श लें तथा व्यर्थ में **वाद-विवाद** में समय जाया ना करें।

**शुभ तिथियाँ 7,9,17,28**

## वृश्चिक



**01 से 06 जनवरी तक-**वर्ष का प्रारम्भ ढ़ीला होगा। **कलह, वाद-विवाद** हो सकता है। **सम्पति** सम्बन्धी विवादों में आपको **सफलता** मिलेगी। **आर्थिक समृद्धि** का समय है। **मित्रों** व **सहयोगियों** का सहयोग मिलेगा। **व्यापार** व **करोबार** में आप कुछ ठोस महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक-सितारे** व **ग्रह** स्थितिया आपके पक्ष में नहीं है हर किसी पर **विश्वास** न करें व **कारोबार के राज** गोपनीय रखे, **रूपयों-पैसे** के मामले में किसी पर भरोसा नहीं करे। **व्यस्तता** का यह आलम रहेगा कि आपको अपनों के साथ-साथ खुद के लिये भी समय नहीं मिलेगा।

**14 से 20 जनवरी तक-** रोजी-रोजगार की **मुश्किले** और अधिक **प्रबल** होगी। जनवरी के मध्य सफलता आकर लौट जायेगी, **हाथ में आया पैसा भी निकल सकता है।** आपके अपने ही **शत्रु** बनकर सामने खड़े होंगे। कहीं से कोई **अप्रिय** या **अशुभ समाचार** प्राप्त होगा। आप अपनी बाधाओं के निवारण के लिये **भगवती दिगम्बरी दक्षिण काली साधना** ग्रहण करें जिससे परिस्थितियां आपके **अनुकूल** होगी। **न्यौछावर ₹ 880**

**21 से 31 जनवरी तक-** इस सप्ताह शत्रु के **षड़यंत्र असफल** होंगे। व्यापारिक भूमिका **निर्णायक मोड़** पर आयेगी। थोड़ा सावधान रहे, किसी **मुसीबत** में फंस सकते है। कई मामलों में आपके निर्णय गलत हो सकते है। किसी **नवीन कार्य** की रूप रेखा बन सकती है। **स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या** से ग्रसित होंगे, जिससे अनेक **समस्या** बनी रहेगी।

**शुभ तिथियाँ 1,6,11,27**

## धनु



**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष की शुरूआत बड़ी ही **सरलता** व **सहजता** से होगी। ईश्वर की आप पर विशेष **अनुकम्पा** रहेगी। **व्यापार में अथाह लाभ होने की संभावना है।** कई तरह के खर्चो का समय है, **व्यर्थ के अपव्यय से बचें,** अतिरिक्त कार्य भार के कारण **रक्तचाप** बढ़ेगा, **स्वास्थ्य समस्या** प्रभावी हो सकती है। आपके लिये कोई **छोटी समस्या** भी घातक सिद्ध हो सकती है।

**07 से 13 जनवरी तक-** इस सप्ताह आपके अनेक **कार्यो** में तेजी आ सकती है। **परिवार के साथ भ्रमण का योग बन रहा है।** परिवार के किसी सदस्य का **स्वास्थ्य खराब** हो सकता है। अस्पताल के चक्कर काटने पड़ेंगे। बिना गलती के गलत साबित हो सकते है।

**14 से 20 जनवरी तक-** इस सप्ताह कोई बड़ा लेन-देन **सावधानी पूर्वक** करें। इस समय आपके दिमाग में काम को बढ़ावा देने की धुन सवार होगी। इस हेतु आप अपनी **नीतियों** में बदलाव लायेंगे। भविष्य को लेकर आप **संवेदनशील** होंगे। आपको **कष्ट** उठाना पड़ सकता है, संतान की ओर से कोई **अशुभ घटना** व्यथित करेगी। **दस महाविद्या चेतनामय राज राजेश्वरी दीक्षा** ग्रहण करें, जिससे सभी तरह की समस्याओं का निवारण होगा और परिस्थितियां आपके अनुकूल बनेंगी।

**न्यौछावर ₹ 2600**

**21 से 31 जनवरी तक-**इस सप्ताह व्यर्थ के कामों में समय **नष्ट** होगा। जो भी कार्य आपने **प्रारम्भ** किया है, उसके लिये और अधिक प्रयास करना पड़ेगा। **सच, चिन्तन** और **रचनात्मक** कार्यो के लिये अवसर मिलेंगे। इस सप्ताह आप परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते है।

**शुभ तिथियाँ 11,16,18,26**







## मकर

**01 से 06 जनवरी तक**-वर्ष की शुरूआत **शुभ घटनाओं** से होगी। कार्यो में **बाधायें** आ सकती है। किसी **आयोजन** या **समारोह** में व्यस्त रह सकते है। व्यवसाय में नवीन अवसरों की प्राप्ति होगी। 5 से 6 के बीच **धन प्राप्ति** में रूकावटे आयेंगी। शत्रु आप पर हावी होंगे। **योग-भोग प्रदायिनी नयना शाकम्भरी शक्ति दीक्षा** प्राप्त करने से परिस्थिति पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते है। **न्यौछावर ₹ 2600**

**07 से 13 जनवरी तक**-इस सप्ताह **भाई-बहनों** व **पति-पत्नी** के बीच छोटी-मोटी बातों पर कहासुनी हो सकती है। इस सप्ताह **महमानों** का आगमन हो सकता है। कहीं से **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। **आत्मबल** में वृद्धि होगी। **स्वास्थ्य में सुथार होगा।**

**14 से 20 जनवरी तक**- इस सप्ताह धन स्थिर नहीं रहेगा और **धन हानि** होने का योग है सावधान रहे। कुछ निर्णयों को लेकर मन में **असमंजस** बना रहेगा। **राजकीय कार्य** सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। **कोर्ट केस** में **विजय** प्राप्त होगी। **नौकरी** व **काम-काज** में नवीन अवसर प्राप्त होंगे।

**21 से 31 जनवरी तक**-इस सप्ताह आपका **आर्थिक पक्ष मजबूत** हो सकता है। **धन प्राप्ति** के लिये समय **अनुकूल** है। 26 को लक्ष्यों से आपका ध्यान भटक जायेगा। मान-हानि होने की संभावना है सचेत रहे। 28 को कार्यो में **सफल** होंगे। आपका किसी प्रमुख व्यक्ति से परिचय होगा। आपको अपने व्यवहार में **सकारात्मक परिवर्तन** लाना होगा।

**शुभ तिथियाँ 1,6,15,29**

## कुंभ

**01 से 06 जनवरी तक**- इस वर्ष का प्रारम्भ **मिश्रित फल** से भरा रहेगा। आर्थिक रूप से खींचतान की स्थिति बनी रहेगी। आप जितना अधिक परिश्रम करेंगे उतना अधिक **लाभ** प्राप्त होगा। व्यवसाय में जो **चिंता** थी, वह समाप्त होगी। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**07 से 13 जनवरी तक**- इस सप्ताह **शत्रु** आप पर **हावी** हो सकते है। अनावश्यक **वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा** हो सकता है। **क्रोध** पर नियंत्रण रखें। आने वाला पैसा बीच में ही फंस सकता है। इस समय छोटी-मोटी गलती से भी बहुत बड़ा **नुकसान** हो सकता है, **आर्थिक कार्यो** की **रूप-रेखा सोच-समझकर** तैयार करें। **भगवती दिगम्बरी दक्षिण काली साधना** प्राप्त कर **परिस्थितियों** को अपने **नियंत्रण** में करने की **ऊर्जा** व **शक्ति** प्राप्त होगी। **न्यौछावर ₹ 880**

**14 से 20 जनवरी तक**- परिवार के साथ किसी **समारोह** पर जा सकते है। इस सप्ताह **पारिवारिक विवाद** हो सकता है। आप अपने **क्रोध** पर नियंत्रण रखे। वाहन सावधानी पूर्वक चलाये कोई **अशुभ घटना** घटित हो सकती है। आप पुराणे अपूर्ण कार्य को पूरा करेंगे। **राजकीय कार्यो में सफलता** प्राप्त होगी।

**21 से 31 जनवरी तक**- मित्रों के साथ समय बितायेंगे। आप लक्ष्य के बारे में गम्भीर रहेंगे। इस सप्ताह आप किसी को **उधार धन** न दे आपका धन फंस सकता है। आप कही यात्रा करने का कार्यक्रम बना सकते है। जनसम्पर्को का दायरा विस्तृत करेंगे । **मनोकामना पूर्ति** के लिये समय **उचित** है। घर-परिवार में **शांतिपूर्ण वातावरण** रहेगा।

**शुभ तिथियाँ 5,8,14,25**

## मीन

**01 से 06 जनवरी तक**- इस सप्ताह आपकी कोई गोपनीय बात सामने आ सकती है। कोई भी आपके साथ धोखाधड़ी कर सकता है। आपके जीवन में **उन्नति** होने का अवसर प्राप्त होगा तथा **व्यवसाय** में **तरक्की के योग** बन रहे है। इसलिये आप **प्रसन्न** रहेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक**- आपका **स्वास्थ्य पक्ष** कमजोर रहने के कारण आपको अस्पताल के चक्कर काटने पड़ सकते है। आकस्मिक **धन हानि** हो सकती है, **आर्थिक स्थिति** को लेकर आप **परेशान** रहेंगे। तनावपूर्ण वातावरण रहेगा, मित्रों की सलाह लाभदायक सिद्ध होगी। जिससे मन को थोड़ी शांति मिलेगी। इस हेतु आप **दस महाविद्या चेतनामय राज राजेश्वरी दीक्षा** ग्रहण करें, **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹ 2600**

**14 से 20 जनवरी तक**- इस सप्ताह आपको **भौतिक सुखों** की प्राप्ति हो सकती है तथा बेरोजगारों को **रोजगार** मिलने का **योग** बन रहा है। आप अपने अधीनस्थों का विश्वास जीतने में सफल होंगे। **व्यायाम, योग, ध्यान** आदि अपनाने से **आरोग्य** में वृद्धि होगी।

**21 से 31 जनवरी तक**- इस सप्ताह आपको अपने **पारिवारिक जीवन** में **खुशी** व **प्रसन्नता** रहेगी तथा आपको **संतान की प्राप्ति** हो सकती है। अपने घर में **वृद्धों की सेवा** करने से आप अपने आपको **सौभाग्यशाली** समझेंगे तथा आपको **शुभाशींवाद** प्राप्त होगा। आप इस समय कोई **नया काम** शुरू करने का विचार करेंगे। जिसमें आपको **सफलता** मिल सकती है।

**शुभ तिथियाँ 3,7,16,25**